# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का छठा संस्करण

**स्रोत: पी.आई.बी.**

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) का छठा संस्करण** 19 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक तमिलनाडु के चार शहरों: **चेन्नई, त्रिची, मदुरै** और **कोयंबटूर** में आयोजित किया गया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स क्या है?

- **परिचय: KIYG** भारत में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिये एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-विषयक खेल प्रतियोगिता है।
  - ये खेल प्रत्येक वर्ष जनवरी या फरवरी में आयोजित किये जाते हैं जो भारत सरकार की **खेलो इंडिया पहल** का हिस्सा हैं।
  - इसका उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और ज़मीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है।
  - युवा खेलों के पिछले 5 संस्करण **दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी, पंचकुला और भोपाल** में आयोजित किये गए थे।
- **प्रारूप:** यह दो श्रेणियों में आयोजित किया जाता है अर्थात् **17 वर्ष से कम उम्र के स्कूली छात्र और 21 वर्ष से कम उम्र के कॉलेज के छात्र**।
  - यह एक **टीम चैंपियनशिप प्रारूप** में संचालित होता है, जिसमें व्यक्तिगत एथलीटों या टीमों द्वारा अर्जित पदक उनके संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश (UT) की समग्र पदक तालिका में योगदान करते हैं।
  - आयोजन के समापन पर, सबसे अधिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाले राज्य या केंद्रशासित प्रदेश को विजेता घोषित किया जाता है।
  - महाराष्ट्र और हरियाणा को छोड़कर किसी भी अन्य टीम ने आज तक KIYG का खिताब नहीं जीता है।
- **KIYG का छठा संस्करण:** KIYG, **तमिलनाडु में 26 खेलों में कुल 933 पदक** (278 स्वर्ण, 278 रजत और 377 कांस्य) शामिल हैं।
  - **स्क्वैश इस वर्ष KIYG में पदार्पण कर रहा है, जबकि सिलंबम**, स्वदेशी मार्शल आर्ट का एक रूप, एक प्रदर्शन खेल के रूप में प्रदर्शित किया गया है।
  - **शुभंकर: वीरा मंगई।**
    - **रानी वेलु नचियार, जिन्हें प्रेमपूर्वक वीरा मंगई कहा जाता है**, एक भारतीय रानी थीं जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ युद्ध छेड़ा था।
    - इसके अलावा खेलों के लोगो में कवि **तिरुवल्लुवर** की आकृति भी शामिल है।




//

**नोट:** खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में होंगे। हाल ही में अनावरण किया गया शुभंकर, स्नो लेपर्ड जिसका नाम 'शीन-ए शी' या शान है, जिसका इस आयोजन में एक अनूठा संबंध है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. वर्ष 2000 में प्रारंभ किये गए लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार (लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)**

1. अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स इस पुरस्कार का सर्वप्रथम विजेता थे।
2. अब तक यह पुरस्कार अधिकतर ‘फॉर्मूला वन’ के खिलाड़ियों को मिला है।
3. अन्य खिलाड़ियों की तुलना में रॉजर फेडरर को यह पुरस्कार सर्वाधिक बार मिला है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार का आयोजन पहली बार 2000 में किया गया था। इसके अंतर्गत छह श्रेणियों (पुरुष खिलाड़ी, महिला खिलाड़ी, टीम, ब्रेकथ्रू, कमबैक और एक्शन) में पुरस्कार दिये जाते हैं।

- **वर्ष 2000 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिये लॉरियस खेल पुरस्कार गोल्फर टाइगर वुड्स ने जीता था। अत: कथन 1 सही है।**
- अब तक वितरित किये गए 21 पुरस्कारों में से अधिकतर 'लॉन टेनिस' के खिलाड़ियों ने जीते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- स्विट्ज़रलैंड के टेनिस खिलाड़ी रॉजर फेडरर ने अब तक सर्वाधिक 5 बार यह पुरस्कार जीता है। अत: कथन 3 सही है।

**विकल्प (c) सही उत्तर होगा।**

---

**प्रश्न. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)**

1. इस ओलंपिक का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'एक नई दुनिया (ए न्यू वर्ल्ड)' है।
2. इस ओलंपिक में स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, कराटे तथा बेसबॉल को शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर:(b)**

- **व्याख्या:** वर्ष 2021 में टोक्यो में आयोजित किये गए 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'यूनाइटेड बाई इमोशन' (United by Emotion) था। यह आदर्श वाक्य विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने की खेल की शक्ति पर ज़ोर देता है और उनके लिये इस तरह से जुड़ना तथा जश्न मनाना संभव बनाता है, जो उनके मतभेदों से परे हो। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **इस ओलंपिक में कुल छह नए खेल-स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, कराटे तथा स्केटबोर्डिंग शामिल किये गए थे। अत: कथन 2 सही है।**
- **विकल्प (b) सही उत्तर होगा।**

---

***?????:***

**प्रश्न. खिलाड़ी ओलंपिक्स में व्यक्तिगत विजय और देश के गौरव के लिये भाग लेता है; वापसी पर विजेताओं पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा नकद प्रोत्साहनों की बौछार की जाती है। प्रोत्साहन के तौर पर पुरस्कार कार्यविधि के तर्काधार के मुकाबले, राज्य प्रायोजित प्रतिभा खोज और उसके पोषण के गुणावगुण पर चर्चा कीजिये। (2014)**

---


## मंगल ग्रह पर प्राचीन झील

**नासा के** [परसिवरेंस रोवर](#) ने [ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार(GPR)](#) अवलोकनों के माध्यम से मंगल ग्रह के [जेज़ेरो क्रेटर](#) में प्राचीन झील तलछट के अस्तित्व की पुष्टि की है।

- निष्कर्ष इस सिद्धांत का समर्थन करते हैं कि मंगल ग्रह ठंडे और शुष्क होने से गरम, गीला तथा संभवतः निवास के लिये उपयुक्त होने के संक्रमण से

गुज़रा है।

- पर्सीवरेंस एक कार के आकार का मार्स रोवर है जिसे नासा के मार्स 2020 मिशन के हिस्से के रूप में मंगल पर जेज़ेरो क्रेटर का पता लगाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
    - इसका निर्माण जेट प्रोपल्शन लेबोरटरी द्वारा किया गया और **30 जुलाई, 2020** को लॉन्च किया गया।





---

## कृषि क्षेत्र के लिये स्वैच्छिक कार्बन बाज़ार ढाँचा

हाल ही में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में **स्वैच्छिक** कार्बन बाज़ारों के लिये एक रूपरेखा तैयार की जिसका उद्देश्य छोटे तथा मध्यम किसानों को कार्बन क्रेडिट का प्रयोग करने और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहित करना है।

- **स्वैच्छिक कार्बन बाज़ार** एक ट्रेडिंग प्रणाली है जहाँ व्यक्ति तथा संगठन ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की भरपाई के लिये स्वेच्छा से कार्बन क्रेडिट का क्रय और विक्रय कर सकते हैं।
    - प्रत्येक क्रेडिट एक मीट्रिक टन **परिवर्जित, घटी हुई अथवा समाप्त की गई** CO2 अथवा समकक्ष GHG का प्रतीक है।
    - ये क्रेडिट उन परियोजनाओं से उत्पन्न होते हैं जो उत्सर्जन में कटौती करते हैं, जैसे- वृक्षारोपण, नवीकरणीय ऊर्जा निवेश आदि।




**और पढ़ें...**[कार्बन बाज़ार](#)

---

## दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस और वियतनाम का सहयोग

हाल ही में **फिलीपींस और वियतनाम ने चीन** के विरोध के बावजूद, जो इस क्षेत्र पर भी दावा करता है, [दक्षिण चीन सागर](#) में अपने सहयोग को मज़बूत करने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है।

- दोनों देशों के बीच समझौतों में **समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश** सहित उनके संबंधों के विभिन्न पहलू शामिल हैं।
- दक्षिण चीन सागर **पश्चिमी प्रशांत महासागर** का सीमांत सागर है। इसकी सीमा ब्रुनेई दारुस्सलाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और चीन से लगती है।
    - यह **ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी चीन सागर से और लूज़ॉन जलडमरूमध्य** द्वारा फिलीपीन सागर **(प्रशांत महासागर के दोनों सीमांत समुद्र**) से जुड़ा हुआ है।
    - दक्षिण चीन सागर एक विवादित समुद्री क्षेत्र है जो **छह देशों: चीन, ब्रुनेई, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया और फिलीपींस** के बीच क्षेत्रीय विवादों का विषय है।




**और पढ़ें....**[दक्षिण-चीन सागर]

---

## गाज़ा संघर्ष के दौरान UNRWA की फंडिंग रुकी

[निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA)] के बजट- 2022 में प्रमुख योगदानकर्त्ता अमेरिका व आठ अन्य पश्चिमी देशॉन ने एजेंसी के लिये फंडिंग रोकने का निर्णय लिया है।

- **UNRWA की स्थापना वर्ष 1949** में **अरब-इज़रायल युद्ध**- 1948 के दौरान विस्थापित [फिलिस्तीनियों] को सहायता प्रदान करने के लिये की गई थी।
- यह [गाज़ा], **इज़रायल द्वारा अधिग्रहित वेस्ट बैंक, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन** में शिक्षा, स्वास्थ्य, राहत, सामाजिक सेवाएँ, माइक्रोफाइनेंस तथा आपातकालीन सहायता कार्यक्रम पेश करता है।
    - एजेंसी द्वारा वर्तमान में लगभग **5.9 मिलियन फिलिस्तीनी शरणार्थियों** की सेवा प्रदान की जाती है और यह गाज़ा में फिलिस्तीनियों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- फंडिंग को रोकना इज़रायल द्वारा UNRWA कर्मचारियों पर [7 अक्तूबर 2023 को इज़रायल पर हमले] में शामिल होने का आरोप लगाने का परिणाम है जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि [हमास] सैन्य उद्देश्यों के लिये UNRWA सुविधाओं का उपयोग करता है और अपने स्कूलों में इज़रायल विरोधी भावना सिखाता है।

**और पढ़ें...** [निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA)]

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/31-01-2024/print